उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : जबलपुर

पृ0 कमांक.....बी/4316 जबलपुर, दिनांक...23.../07/2025.

उप डाक पाल, हाईकोर्ट उप डाकघर का पत्र कमांक 02/विविध पत्राचार/हाईकोर्ट, जबलपुर दिनांक 16.07.2025 की प्रतिलिपि प्रेषित कर अनुरोध है कि उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के समस्त संबंधित शाखाओं को अवगत कराया जाता है कि समय पर बाहर भेजने वाली डाक प्रेषक (प्रशासन) एवं प्रेषक (न्यायिक) शाखा की ओर समय पर भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि सभी प्रकार के आर्टिकल्स रजिस्टर्डपत्र, स्पीड पोस्ट और पार्सल को उसी दिन बुक करके डिस्पैच किया जा सके एवं कार्य बिना रूकावट के किया जा सके ।

23-7-25

प्रशासनिक अधिकारी (स्थापना)

SCANNED

प्रति,

श्रीमान डिस्पैचर महोदय

हाई कोर्ट- जबलपुर

मध्यप्रदेश

क्र.02/ विविध पत्राचार/ हाई कोर्ट दिनांक 16/07/2025

विषय- हाई कोर्ट द्वारा भेजी जाने वाली फ्रेंकिंग डाक के सम्बन्ध में |

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में निवेदन है की जबलपुर के समस्त डाकघरो में IT2.0 का रोल आउट दिनांक 07/07/25 को हो चुका है एवं यह ऑनलाइन URL पर काम करता है जिसमे डाक बहुत ही धीमी गति से बुक होती है जिस कारण एक दिन में लगभग 200-250 आर्टिकल्स ही बुक हो सकते है एवं आपके दोनों सेक्शन से भेजे गये आर्टिकल्स की संख्या लगभग इतनी ही (200-250) होती है एवं फ्रेकिंग किये गए आर्टिकल्स को उसी दिनांक पर ही बुक किया जा सकता है |

अत: आपसे निवेदन है कि सभी प्रकार के आर्टिकल्स रजिस्टर्डपत्र , स्पीड पोस्ट और पार्सल को कृपया सुबह 11 बजे तक डाकघर में भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि सारे आर्टिकल्स को उसी दिन बुक करके डिस्पैच किया जा सके एवं कार्य बिना किसी रुकावट के किया जा सके|

धन्यवाद

High Court of Madhya Pradesh
JABALPUR
16 JUL 2025
Reg No. 33244
Receipt Clerk
High Court Jabalpur

PO

उप डाक पाल

HIGH COURT
JABALPUR-482001

हाई कोर्ट उप डाकघर